सपने आज होंगे पूरे

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रविवार को करेंगे बिलिया हैडवर्क्स पर पोकरण फलसूंड लिफ्ट परियोजना-प्रथम चरण का लोकार्पण

पोकरण। पोकरण की धरा के वाशिंदों द्वारा वर्षों पूर्व हिमालय के मीठे पानी पीने का संजोया सपना रविवार 1 सितंबर को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा पोकरण बालोतरा सिवाना जलप्रदाय योजना के प्रथम चरण का पोकरण में स्थित बिलिया हैड वर्क्स पर शुभारंभ के साथ पूरा होगा।

दुनिया भर में परमाणु परीक्षण के लिए प्रसिद्ध शक्तिस्थल पोकरण क्षेत्र के लिए रविवार का दिन विकास का नया सूरज उगाने जा रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रविवार को हिमालय के पानी का पोकरण की धरती पर आह्वान करते हुए इससे जुड़ी बहुद्देशीय एवं महत्वाकांक्षी योजना का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर राजस्थान में पेयजल सुविधाओं में विस्तार कर क्षेत्र लोगों को तोहफा देंगे। पोकरण विधायक शालेमोहम्मद के अथक प्रयासों से उक्त परियोजना का कार्य शीघ्रतिशीघ्र पूरा हुआ। बाड़मेर एवं जैसलमेर जिले के तीन कस्बों एवं 580 गांवों को इंदिरा गांधी नहर परियोजना से हिमालय का मीठा पानी उपलब्ध करवाने के लिए स्वीकृत की गई पोकरण-फलसूंड-बालोतरा-सिवाना पेयजल लिफ्ट परियोजना के प्रथम चरण का कार्य-पूर्ण हो गया है एवं पोकरण से चार किलोमीटर दूर बिलिया हैडवर्क्स पर हिमालय का नीर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रविवार, 1 सितंबर को पोकरण बिलिया हैडवर्क्स पर नाचना से बिलिया तक मुख्य ट्रांसमिशन पेयजल परियोजना का विधिवत् लोकार्पण कर जनता की मीठे पानी की मुराद को पूरी करेंगे। इस पेयजल वृहत परियोजना को शुरू करने के लिए 966.77 करोड रूपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई थी तथा रा'य सरकार द्वारा इस योजना के लिए 23 नवम्बर 2013 को 1454.20 करोड रूपये की संशोधित वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई। वर्ष 2008 में इंदिरा गांधी मुख्य नहर की आरडी 1253.5 नाचना से कार्य का शुभारंभ किया गया।

2023 तक की जनसंख्या के आधार पर की गई पेयजल व्यवस्थाः इस पोकरण-फलसूण्ड-बालोतरा-सिवाना लिफ्ट परियोजना के अन्तर्गत वर्ष 2023 तक बढने वाली जनसंख्या की मांग को देखते हुए इस परियोजना का निर्धारिण किया गया है। जिसके अन्तर्गत 125 एमएलडी पानी के स्टोरज व उसकी आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिसमें बाडमेर जिले के 403, जैंसलमेर जिले के 177 गांवों तथा जिले के पोकरण शहर एवं बाड़मेर जिले के बालोतरा व सिवाना शहर को हिमालय का मीठा पानी उपलब्ध कराया जायेगा। इस प्रकार राज्य सरकार के सतत् प्रयासों से पोकरण-फलसूण्ड-बालोतरा-सिवाना पेयजल लिफ्ट परियोजना ने अपना मूर्त रूप ले लिया है। पोकरण क्षेत्र के वासियों के लिए यह योजना बरदान साबित होगी एवं आने वाले समय में पाईप लाईन एवं उच्च जलाशय व पम्पिग स्टेशन के कार्य पूर्ण हो जाने पर तहसील पोकरण के 177 गांवों को हिमालय का मीठा पानी पीने को उपलब्ध होगा।